Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Medical College and Hospital in Sheohar district, Bihar -laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र का शिवहर जिला बिहार का सबसे गरीब जिला है जहाँ प्रति व्यक्ति आय बिहार के अन्य जिलों की तुलना में काफी कम है । यह स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टिकोण से भी काफी पिछड़ा हुआ इलाका है । यहां कोई भी सरकारी अथवा निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थापित नहीं है । साथ ही यहाँ कोई भी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की सुविधा नहीं है । यहाँ के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए 60 किलोमीटर दूर मुजफ्फरपुर स्थित श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल अथवा 100 किलोमीटर दूर दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाना पड़ता है । माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी सराहनीय सुधार किये जा रहे है तथा देश के पिछड़े जिलों में प्राथमिकता के आधार पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है । शिवहर जिले में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना होने से शिवहर जिले सहित इसके आस-पास के सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले के कई प्रखंड के लोगों को भी काफी ज्यादा लाभ मिलेगा ।

अतः सरकार से अनुरोध होगा कि जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर जिला में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना कराई जाये ।